भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 456**
27.11.2024 को उत्तर देने के लिए

अपर्याप्त एमपीलैड निधि

456. श्री डी. एम. कथीर आनंदः
श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डाः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश भर में संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के कार्यकरण की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को जानकारी है कि भवन निर्माण सामग्री की लागत में वृद्धि और कुशल एवं कुशल श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि के मद्देनजर स्थानीय क्षेत्र के विकास कार्यों को पूरा करने के लिए 5 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष अपर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की एमपीलैड निधि को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये प्रति वर्ष करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या ऐसा कोई प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) मंत्रालय ने देश भर के 216 जिलों में, दिनांक 01-04-2014 से 31-03-2019 तक की अवधि के दौरान पूरे किए गए एमपीलैड्स कार्यों का एक त्रि-पक्षीय वास्तविक मूल्यांकन कराया है। यह मूल्यांकन वर्ष 2021 में किया गया और एजेंसी ने दिनांक 31-8-2021 को अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की।

(ख) से (घ): मंत्रालय, वित्त मंत्रालय के परामर्श से उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए, निधियों की पात्रता में संशोधन के सुझावों सहित हितधारकों से सतत् आधार पर नए सुझाव प्राप्त करता है और उनकी जांच करता है।

******